# University in News on 27 August 2021

**I-NEXT PAGE 4**

# अब एलयू के हर हॉस्टल में होगी मेस

**एलयू के प्रत्येक हॉस्टल में होगी मेस, छात्र कमेटी तय करेगी क्या बनेगा खाना**
**चीफ प्रोवोस्ट की बैठक में बनी सहमति, एक सितंबर से मेस शुरू करने की तैयारी**

**LUCKNOW (26 Aug):** लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) के छात्रावासों में रहने वाले छात्रों के लिए अब सेंट्रल मेस का सिस्टम खत्म होगा. अब प्रत्येक छात्रावास में कोआपरेटिव मेस छात्र कमेटी की देखरेख में संचालित होगी. छात्र खुद तय करेंगे कि क्या खाना बनेगा. गुणवत्ता ठीक है या नहीं. गुरवार को आयोजित चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पांडेय की अध्यक्षता में बैठक में इस पर सहमति बनी है. यह व्यवस्था एक सितंबर से लागू करने की तैयारी है.

सेंट्रल मेस में होता था हंगामा

एलयू के पुराने और नए परिसर को मिलाकर कुल 17 छात्रावास हैं. इनमें से 10 छात्रों के लिए हैं. तत्कालीन कुलपति प्रो. एसपी सिंह ने लाखों की लागत से सेंट्रल मेस की शुरुआत की थी, लेकिन वहां खाने की गुणवत्ता को लेकर रोज हंगामा होता था. इस कारण मेस बंद कर दी गई. इसके बाद



छात्रों को पैकेट वाला खाना दिया जाने लगा. अब नए सत्र की शुरुआत होनी है.

**बैठक में किया गया निर्णय**

ऐसे में खाने की गुणवत्ता को लेकर हंगामा न हो, इसलिए गुरुवार को चीफ प्रोवोस्ट ने एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट प्रो. मोनिषा बनर्जी, चीफ प्राक्टर प्रो. दिनेश कुमार सहित छात्रावासों के प्रोवोस्ट के साथ बैठक की. बैठक में तय हुआ कि एलबीएस, महमूदाबाद, हबीबुल्लाह, कौटिल्य, होमी जहांगीर भाभा लॉ छात्रावास सहित जो भी छात्रावास छात्रों के हैं, वहां छात्र ही मेस संचालित करेंगे. प्रत्येक छात्रावास में चार से छह सदस्यीय कमेटी होगी. वहीं, सेंट्रल मेस को कैंटीन के रूप में तैयार करने पर भी विचार किया गया है.

> **प्रत्येक ब्वॉयज हास्टल में मेस संचालित होगी. इसके लिए चार से छह सदस्यीय छात्रों की कमेटी बनेगी. वही खाने का मेन्यू तय करेगी. बैठक में मेस का संचालन एक सितंबर से शुरू करने पर विचार किया गया है.**
>
> **प्रो. नलिनी पांडेय,** चीफ प्रोवोस्ट, लखनऊ विश्वविद्यालय

# पार्ट टाइम पीएचडी दाखिले एक सितंबर से कराने की तैयारी

**एलयू प्रशासन ने एक से चार सितंबर तक तय की प्रवेश प्रक्रिया की तिथि**

**LUCKNOW (26 Aug):** लखनऊ विश्वविद्यालय में पहली बार होने वाले पार्ट टाइम पीएचडी दाखिले एक से चार सितंबर तक कराने की तैयारी है. बुधवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसका प्रस्तावित शेड्यूल विभागों को भेज दिया है. विभागों में विभागीय शोध समिति (डीआरसी) के माध्यम से अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार की जाएगी. इसके बाद अनुमोदन के लिए कुलपति के पास मेरिट सूची भेजी जाएगी.

**25 विषयों में 92 सीटें फाइनल**

लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2020-21 में पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश के लिए 25 विषयों में 92 सीटें फाइनल हुई हैं. पहली बार ऐसा होगा कि नौकरी करने वाले भी पार्ट टाइम पीएचडी कर सकेंगे. वेबसाइट पर जारी विवरण के मुताबिक, एक हजार शब्दों के शोध लेख में टापिक, रिसर्च मैथड, डिजाइन, डेटा कलेक्शन, प्लान, डेटा एनालिसिस मैथेड सहित कई सूचनाएं शामिल होनी चाहिए. शोध



लेख लिखने के लिए सुबह 10.30 बजे से कुल 90 मिनट का समय मिलेगा.

**इस तरह होगी चयन प्रक्रिया**

| | |
|---|---|
| एक हजार शब्दों का शोध लेख : | 70 अंक |
| एकेडमिक इंडेक्स : | 10 अंक |
| साक्षात्कार : | 10 अंक |
| कार्य अनुभव : | 10 अंक |
| कुल अंक : | 100 |

> **पार्ट टाइम पीएचडी दाखिले के लिए विभागवार तिथियां प्रस्तावित कर विभागों को भेजी हैं. वहां से फाइनल होने के बाद इसे विस्तृत जारी किया जाएगा.**
>
> **डा. दुर्गेश श्रीवास्तव,** प्रवक्ता, लखनऊ विश्वविद्यालय

# पीजी के 12 विषयों के नतीजे जारी

**एलयू की वेबसाइट के माध्यम से देख सकते हैं परिणाम, छात्र-छात्राएं काफी समय से इसका इंतजार कर रहे थे**

**LUCKNOW (26 Aug)** : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 12 विषयों के नतीजे जारी कर दिए. छात्र-छात्राएं काफी समय से इसका इंतजार कर रहे थे. अब वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट <e>https//www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से अपने परिणाम देख सकते हैं. विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक एमएससी न्यूक्लियर मेडिसिन सेमेस्टर प्रथम, एमएससी रेनेवल एनर्जी सेमेस्टर प्रथम (बैक पेपर), एमएससी प्लांट साइंस सेमेस्टर प्रथम (बैक पेपर), एमएससी प्लांट साइंस प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस), एमएससी जूलाजी प्रथम सेमेस्टर (बैक पेपर), एमएससी मैथमैटिक्स सेमेस्टर प्रथम (बैक पेपर), एमएससी एप्लाइड जियोलाजी सेमेस्टर प्रथम (बैक पेपर), एमलिब आइएससी सेमेस्टर प्रथम (सीबीसीएस), एमए पर्शियन सेमेस्टर प्रथम (सीबीसीएस), एमए साइकोलाजी प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस), एमए एमआइएच प्रथम सेमेस्टर (बैक पेपर), एमए एमएचए प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) के परीक्षा परिणाम जारी किए गए हैं.

**थ्योरी के आधार पर प्रैक्टिल के नंबर**

लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर वार्षिक/सेमेस्टर 2021 की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं चल रही हैं. परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना के मुताबिक, अंतिम वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षाएं नहीं कराई जानी हैं. इन परीक्षाओं में छात्रों को प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक थ्योरी में प्राप्त अंकों के आधार पर दिए जाएंगे. इस संबंध में विश्वविद्यालय के सभी विभागों एवं कालेजों को निर्देश जारी किए हैं.

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

# लविवि 92 सीटों पर कराएगा पार्ट टाइम पीएचडी

## एक से पांच सितंबर तक चलेगी प्रवेश प्रक्रिया, पहली बार नौकरीपेशा लोगों के लिए सुविधा

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2020-21 में पार्ट टाइम पीएचडी की प्रवेश प्रक्रिया एक से पांच सितंबर के बीच चलेगी। बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने डेट व विभागवार कार्यक्रम जारी किया है। इसके अनुसार विवि के 28 विभागों के 25 विषयों में 92 सीटें फाइनल हुई हैं।



विवि पहली बार नौकरी-पेशा लोगों के लिए पार्ट टाइम पीएचडी की सुविधा शुरू कर रहा है। रजिस्ट्रार द्वारा जारी सूचना के मुताबिक आवेदकों को एक हजार शब्दों का शोध लेख देना होगा। इसमें टॉपिक, रिसर्च मेथड, डिजाइन, डेटा कलेक्शन, प्लान, डेटा एनालिसिस मेथड आदि शामिल होना चाहिए। शोध लेख के लिए सुबह 10.30 बजे से कुल 90 मिनट का समय मिलेगा। अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे संबंधित विभाग में पहुंचना होगा। इंटरव्यू के समय ही सभी अभिलेखों का सत्यापन होगा। कुल 100 नंबर के आधार पर मेरिट तय होगी। इसमें 70 नंबर रिसर्च प्लान राइटअप, 10 नंबर काम के अनुभव, 10 नंबर एकेडमिक इंडेक्स व 10 नंबर इंटरव्यू के होंगे। इसके आधार पर डीआरसी कैटेगरी आधारित मेरिट तैयार करेगी, जिसके बाद प्रवेश लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पार्ट टाइम पीएचडी में प्रवेश लेने वाले शोधार्थियों को कोर्स वर्क में रोजाना उपस्थिति नहीं दर्ज करानी होगी। सिर्फ छह महीने में छह दिन की उपस्थिति अनिवार्य है, लेकिन कोर्स वर्क की परीक्षा पास करना जरूरी होगा।

**तिथिवार कार्यक्रम पर एक नजर**

| तिथि | विषय | रिसर्च प्लान लेखन | डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन व इंटरव्यू |
|---|---|---|---|
| 01 सितंबर | लिंग्विस्टिक | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 01 सितंबर | राजनीति विज्ञान | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 01 सितंबर | अप्लाइड इकोनामिक्स | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 01 सितंबर | बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन | सुबह 10.30 बजे से | एक व दो सितंबर को सुबह 10.30 व दोपहर 01 बजे से |
| 01 सितंबर | जूलॉजी | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 02 सितंबर | इंग्लिश | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 02 सितंबर | हिंदी | सुबह 10.30 बजे से | दो, तीन व चार सितंबर को सुबह 10.30 बजे व दोपहर 01 बजे |
| 02 सितंबर | जर्नलिज्म | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 02 सितंबर | इंग्लिश | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 02 सितंबर | फिलॉसिफी | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 02 सितंबर | लॉ | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 02 सितंबर | एजुकेशन | सुबह 10.30 बजे से | दो, तीन व चार सितंबर को सुबह 10.30 बजे व दोपहर 01 बजे से |
| 02 सितंबर | समाजशास्त्र | सुबह 10.30 बजे से | तीन सितंबर दोपहर 01 बजे से |

| तिथि | विषय | रिसर्च प्लान लेखन | डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन व इंटरव्यू |
|---|---|---|---|
| 02 सितंबर | जियोलॉजी | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 03 सितंबर | अर्थशास्त्र | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 03 सितंबर | साइकोलॉजी | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 03 सितंबर | बॉटनी | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 03 सितंबर | फिजिक्स | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 04 सितंबर | प्राचीन भारतीय इतिहास व आर्कियोलॉजी | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 04 सितंबर | लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन साइंस | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 04 सितंबर | पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 04 सितंबर | सोशल वर्क | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 04 सितंबर | कॉमर्स | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 04 सितंबर | केमेस्ट्री | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 04 सितंबर | स्टेटिस्टिक्स (एमए-एमएससी के लिए) | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 04 सितंबर | पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |
| 05 सितंबर | अरेबिक एंड अरब कल्चर | सुबह 10.30 बजे से | दोपहर 01 बजे से |

**DAINIK JAGRAN PAGE 1**

# आज आएगा बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम

**जासं, लखनऊः** विश्वविद्यालय (लवि) 27 अगस्त की शाम को संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के नतीजे जारी करेगा। अभ्यर्थी अपना परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सभी अभ्यर्थी लवि की वेबसाइट पर लॉगिन करके (जहां से अभ्यर्थियों ने अपना आनलाइन आवेदन पत्र भरा था) अपना प्राप्तांक, स्टेट रैंक व श्रेणी रैंक प्राप्त कर सकेंगे। इस बार प्रवेश परीक्षा में 5,91,305 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।



# अब हर छात्रावास में को-आपरेटिव मेस

**जागरण संवाददाता, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के छात्रावासों में रहने वाले छात्रों के लिए अब सेंट्रल मेस का सिस्टम खत्म होगा। अब प्रत्येक छात्रावास में कोआपरेटिव मेस छात्र कमेटी की देखरेख में संचालित होगी। छात्र खुद तय करेंगे कि क्या खाना बनेगा। गुणवत्ता ठीक है या नहीं। गुरुवार को आयोजित चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पांडेय की अध्यक्षता में बैठक में इस पर सहमति बनी है। यह व्यवस्था एक सितंबर से लागू करने की तैयारी है।

लवि के पुराने और नए परिसर को मिलाकर कुल 17 छात्रावास हैं। इनमें से 10 छात्रों के लिए हैं। तत्कालीन कुलपति प्रो. एसपी सिंह ने लाखों की लागत से सेंट्रल मेस की शुरुआत की थी, लेकिन वहां खाने की गुणवत्ता को लेकर रोज हंगामा होता था। इस कारण मेस बंद कर दी गई। इसके बाद छात्रों को पैकेट वाला खाना दिया जाने लगा। चीफ प्रोवोस्ट ने एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट प्रो. मोनिषा बनर्जी, चीफ प्राक्टर प्रो. दिनेश कुमार सहित छात्रावासों के प्रोवोस्ट के साथ बैठक में यह फैसला लिया गया।

**JAGRAN CITY PAGE I**

# लवि : पीजी के 12 विषयों के परिणाम जारी

**जागरण संवाददाता, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 12 विषयों के नतीजे जारी कर दिए। छात्र-छात्राएं काफी समय से इसका इंतजार कर रहे थे। अब वे वेबसाइट https//www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से अपने परिणाम देख सकते हैं।

**पार्ट टाइम पीएचडी दाखिले एक से :** लखनऊ विश्वविद्यालय में पहली बार होने वाले पार्ट टाइम पीएचडी दाखिले एक से पांच सितंबर तक होंगे। गुरुवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसका विभागवार फाइनल शेड्यूल जारी कर दिया। विभागों में विभागीय शोध समिति (डीआरसी) के माध्यम से अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार की जाएगी। इस संबंध में कुलसचिव डा. विनोद सिंह ने आदेश जारी कर दिए। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट httpsÑ//www.lkouniv.ac.in/ पर इसका शेड्यूल भी देख सकते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2020-21 में पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश के लिए 25 विषयों में 92 सीटें फाइनल हुई हैं।